>

Title: Need to empanel hospitals in Dhule Parliamentary Constituency, Maharashtra under PM National Relief Fund-laid.

डॉ. सुभाष रामराव भामरे (धुले) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र धुले जिले के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं । इस क्षेत्र का बहुत कम हिस्सा अर्ध-शहरी और बाकी क्षेत्र ग्रामीण तथा पिछड़ा है । वहां की जनता गरीब और कमजोर तबके की है । लोगों में सजगता का अभाव होने के कारण खतरनाक बीमारियों का सामना करना पड़ता है । प्रधानमंत्री राहत कोष से बीमार लोगों को राहत दिलाने हेतु आर्थिक सहायता मिलती है, लेकिन पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण एक भी अस्पताल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सूचीबद्ध नहीं है और यहां के लोग गरीबी के कारण बड़े शहरों में जाकर ईलाज नहीं कर पाते । धुले संसदीय क्षेत्र में कार्यरत धर्मदाय तथा विशेषज्ञ अस्पतालों को मैंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सूचीबद्ध होने के लिए आग्रह किया है । धुले स्थित कुछ अस्पताल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्ताव भेज रहे हैं ।

मैं सरकार से नम्र निवेदन करता हूं कि धुले संसदीय क्षेत्र की जनता को राहत मिले और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से लाभान्वित हो इसलिए क्षेत्र के कम से कम 3-4 विशेषज्ञ अस्पतालों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सूचीबद्ध होने के लिए अनुमति दी जाए ।